केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली

(पूर्व में राष्ट्रिय-संस्कृत संस्थान, मानित विश्वविद्यालय)
जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

दिनांक-23.09.2021

शिक्षाचार्य प्रथम वर्ष परामर्श/प्रवेश हेतु सूचना

शिक्षाचार्य प्रवेश परीक्षा-2021 में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रवेश हेतु परिसर आवंटनार्थ दिनांक 28.09.2021 को प्रात: 11:00 बजे ऑनलाईन माध्यम से परामर्श (Counselling) का आयोजन निर्धारित किया गया है। परामर्श (Counselling) हेतु Google Meet Link सम्बन्धित परीक्षार्थियों को ई-मेल पर प्रेषित किया जायेगा।

- परिसर आबंटन के उपरान्त सम्बद्ध प्रवेशार्थी भौतिक रूप से अभिलेखों के सफल सत्यापन के पश्चात् स्थानीय प्रवेश समिति की अनुशंसा पर **स्थायी प्रवेश** एवं ऑन-लाईन के माध्यम से अभिलेखों के सफल सत्यापन कराने वाले प्रवेशार्थी को स्थानीय प्रवेश समिति की अनुशंसा पर **अस्थायी प्रवेश** दिया जायेगा। जिन छात्रों को **अस्थायी प्रवेश** प्रदान किया जायेगा ऐसे छात्रों को शपथ पत्र देना होगा कि ''मैं..............................सामान्य परिस्थिति होने पर भौतिक रूप से आबंटित परिसर में मूल प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित होकर पुन: अभिलेखों का सत्यापन कराऊंगा/ कराऊंगी तथा किन्हीं कारणों से असफल होने पर मेरा प्रवेश बिना किसी शर्त के साथ निरस्त किया जाए तथा मुझे यह भी ज्ञात है कि भौतिक सत्यापन में असफल होने पर मेरे द्वारा समर्पित शुल्क वापिस नहीं किया जाएगा।''

- अभिलेखों के सफल सत्यापन के पश्चात् प्रवेश शुल्क नकद या परिसरीय निर्देशानुसार अन्यान्य माध्यम से तत्काल जमा करवाना होगा, अन्यथा प्रवेश स्वत: निरस्त माना जायेगा।

- ऑनलाईन के माध्यम से अभिलेखों के सफल सत्यापन के पश्चात् अस्थायी प्रवेश प्राप्त छात्रों का प्रवेश तभी स्थायी माना जायेगा जब सम्बन्धित छात्र भौतिक रूप से परिसर में समस्त मूल अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर सत्यापन करायेगा।

- परिसर अबंटन के उपरान्त प्रवेश से सम्बन्धित जानकारी के लिए आबंटित परिसर से सम्पर्क किया जा सकता है।

विशेष सूचना:-

1. उपरोक्त प्रवेश सम्बन्धित सूचना विश्वविद्यालय की बेव साइट के अतिरिक्त पोस्ट या अन्य किसी भी माध्यम से अलग से नहीं भेजी जाएगी।
2. परामर्श सम्बन्धित अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु rsksexam@yahoo.com/011-28521258 सम्पर्क किया जा सकता है।

Pawan Kumar

परीक्षा नियंत्रक